# अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 17 अप्रैल 2025

**PAGE NO :11 TOP**


# बासुबरल सरस्वती और विद्या वर्ल्ड स्कूल सेमीफाइनल में

## इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में खेले गए क्वार्टर फाइनल मैच

city sports

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स में बुधवार को क्वार्टर फाइनल खेला गया। इसमें बासुबरल सरस्वती और विद्या वर्ल्ड स्कूल की टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला बासुबरल सरस्वती स्कूल और मिशन एकेडमी के मध्य हुआ। इसमें बासुबरल सरस्वती की टीम ने आठ विकेट से जीत हासिल की। बासुबरल सरस्वती के कप्तान शिव प्रताप ने टॉस जीतकर मिशन एकेडमी को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। मिशन की ओर से टूर्नामेंट की सबसे खराब शुरुआत हुई और प्रसाद (16 रन, 21 गेंद) को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज दहाई के अंक तक नहीं पहुंचा।

मिशन की टीम 16.4 ओवरों में 68 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बासुबरल सरस्वती की टीम ने 15 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर स्कोर का पीछा कर लिया। मैच में दो विकेट लेने के साथ नाबाद 50 रन बनाने वाले बासुबरल के कप्तान शिव प्रसाद को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।



दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच का खिताब देते आयोजक। स्रोत : एसआरएमएस

दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच विद्या वर्ल्ड स्कूल और सेक्रेड हार्ट्स स्कूल की टीमों के मध्य हुआ। इसमें विद्या वर्ल्ड स्कूल के कप्तान अमन कुमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम ने सक्षम पाठक (58 रन, 45 गेंद, 7 चौके) और अभय सक्सेना (33 रन, 14 गेंद, 7 चौके) की मदद से निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 170 रनों का स्कोर खड़ा किया।

हार्ट्स की टीम को मैच की दूसरी ही गेंद पर झटका लगा, जब उसके ओपनर कप्तान सारांश शून्य पर कैच आउट हो गए। इसके बाद सेक्रेड हार्ट्स की टीम 15 ओवरों में 53 रन ही बना सकी। नतीजा विद्या वर्ल्ड ने 117 रन से मैच अपने नाम किया। क्रेड हार्ट्स की टीम के तीन विकेट लेने के साथ पांच रन बनाने वाले विद्या वर्ल्ड के प्रियांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

### टूर्नामेंट में आज

तीसरा क्वार्टर फाइनल सुबह आठ बजे से एसआर इंटरनेशनल और जीआरएम स्कूल के बीच

चौथा क्वार्टर फाइनल दोपहर 12 बजे से नेशनल पब्लिक स्कूल और मुकुंद इंटरनेशनल के मध्य